ये अव्यक्त इशारे

# स्वयं और सर्व के प्रति मन्सा द्वारा योग की शक्तियों का प्रयोग करो

## 25-10-2025

कोई भी खजाना कम खर्च करके अधिक प्राप्ति कर लेना, यही योग का प्रयोग है। मेहनत कम सफलता ज्यादा इस विधि से प्रयोग करो। जैसे समय वा संकल्प श्रेष्ठ खजाने हैं, तो संकल्प कम से कम खर्च हों लेकिन प्राप्ति ज्यादा हो। जो साधारण व्यक्ति दो चार मिनट संकल्प चलाने के बाद, सोचने के बाद सफलता या प्राप्ति कर सकता है वह आप एक दो सेकेण्ड में कर सकते हो, इसको कहते हैं कम खर्चा बाला नशीन। खर्च कम करो लेकिन प्राप्ति १०० गुणा हो इससे समय की वा संकल्प की जो बचत होगी, वह औरों की सेवा में लगा सकेंगे, दान पुण्य कर सकेंगे, यही योग का प्रयोग है।

# Experiment on yourself and others with your mind with the powers of yoga.

**To experiment with yoga is to be able to spend very little of any treasure and yet have great attainment with it. Experiment with the method of labouring and having greater success. Just as time and thoughts are elevated treasures, so have fewer thoughts and yet experience greater attainment. Ordinary people would attain success in something after thinking about it for two to four minutes, whereas you would be able to attain that in one or two seconds. This is known as greater glorification through less expenditure. Spend less and have 100% attainment and use whatever time and thoughts you save with this method in serving others, giving donations and performing charity. This is how to experiment with yoga.**